Class - III

__/__/__

## अभ्यास के लिए अनौपचारिक पत्र का नमूना -

अपने परीक्षाफल (Result) के बारे में बताते हुए बुआ जी को पत्र लिखो -

362, टाइप - III
सेक्टर - 8, आर॰ के॰ पुरम
नई दिल्ली

आदरणीया बुआ जी
सादर प्रणाम।

हम सब यहाँ पर कुशलपूर्वक हैं। आप सबकी कुशलता की कामना करते हैं।
आपके घर से लौटे एक महीना हुआ। मेरा मन अब भी वहीं रहता है। भैया ने मुझे जो पढ़ाया था, वही परीक्षा में पूछा गया। आज ही मेरा परीक्षाफल निकला है। 96% अंक आए हैं। अगली छुट्टियों में आप भैया को लेकर यहाँ आ जाइए।
हम सबको बहुत अच्छा लगेगा।
फूफा जी और भैया को चरण-स्पर्श।

आपका बेटा
रोहन (केवल नाम)

# Class - III

## पत्र - लेखन

प्र:- भाई के विवाह हेतु चार दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

सेवा में
प्रधानाचार्य
सतीश चन्द्र मेमोरियल स्कूल
चाकदह, नदिया
दिनांक - 2 जुलाई, 2020

विषय - चार दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र ।

महोदय,

मैं कक्षा - तीन 'ख' का छात्र हूँ। मैं यह पत्र आपको इस उद्देश्य से लिख रहा हूँ कि आगामी 6 जुलाई को मेरे बड़े भाई का शुभ-विवाह तय हुआ है। अतः मेरे भाई के विवाह हेतु आप कृपया मुझे चार दिन का अवकाश प्रदान करें। इन अवकाशों के तहत मेरी पढ़ाई जो पिछड़ जायेगी, उन्हें मैं आगामी दिनों में पूरा कर लेने का वादा करता हूँ।

अतः मेरी आपसे यह पुनः निवेदन है कि आप 4 जुलाई से 7 जुलाई तक मुझे अवकाश देने की कृपा करें ।

सधन्यवाद
आपका आज्ञाकारी छात्र
नाम - "पूरा नाम"
कक्षा - 3 विभाग - "ख"